## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इचाक।** थाना क्षेत्र के नारायण पुर से तीन चोरी के मोटरसाइकिल के साथ तीन युवकों को इचाक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीएसपी राजीव कुमार ने इचाक थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की सोमवार रात्रि गुप्त सूचना मिली थी की नारायणपुर के शंकर कुमार पिता भूखन महतो, प्रमोद कुमार पिता दिनेश्वर महतो और कुलदीप कुमार पिता बुधन महतो के घर में चोरी का मोटरसाइकिल बेचने के उद्देश्य से रखा गया है। इस सूचना पर छापामारी किया गया। जिसमें एक लाल रंग का ग्लैमर गाड़ी जेएच 03एक्स 9798, एक बिना नंबर का हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल और एक ब्लू रंग का टीवीएस अपाची जेएच 02बीसी 7006 कुल तीन मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों मोटरसाइकिल के साथ शंकर कुमार, प्रमोद कुमार और कुलदीप कुमार को गिरफ्तार कर थाने ले आई। छापेमारी दल में थाना प्रभारी धनंजय सिंह, पुअनि विनायक कुमार पांडेय, बबलू कुमार, अभय कुमार, राधेश्याम कुमार, एएसआई राजेंद्र प्रसाद, संजय यादव, साकेश कुमार सिंह शामिल थे।

## पूर्व विधायक से मिले ग्रामीण,नया ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बरकट्ठा:** पुर्व विधायक आवास पर मंगलवार सुबह नया ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर प्रखण्ड के ग्राम घंघरी के टोला मुरकटवा पंचायत कोनहाराखुर्द के ग्रामीण पूर्व विधायक से मिले ।ग्रामीणों ने कहा कि गांव में ट्रांसफार्मर जल गया है ।जिससे लोगो को परेशानी हो रही है ।गांव में पहले से 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जो अधिक लोड होने के कारण जल गया ।बताया गया कि पूरे गांव में 150 घर बिजली कनेक्शन है ।ट्रांसफार्मर जल जाने के वजह से घरों में मोटर,पंखा,कूलर का चलना एवं मोबाइल चार्ज करना दुर्लभ हो गया है ।ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर कीवं मांग को लेकर एक पत्र सौपा ।पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने इस समस्या को शीघ्र दूर करने का आशवासन दिया ।मौके पर मो0 उस्मान,अख्तर आलम,कयूम अंसारी,रहमान मियां,अहमद अली,रियाज अंसारी समेत दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।

## मृतका किशोरी के परिजनों से मिलने कोरियाडीह पहुंचे पूर्व विधायक



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव में किशोरी की हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान में जुट गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने कार्यकताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार के समक्ष पुलिस पदाधिकारियों से वार्ता करते हुए हत्यारो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। कहा कि पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब है, वह सब्जी बेचकर अपना घर परिवार का गुजारा करता है। उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा कि उन्हें जब किसी चीज की जरूरत हों, हर संभव मदद करने को तैयार रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, प्रकाश साव, बिनोद प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## केरेडारी एवं बड़कागांव में जयराम महतो का कार्यक्रम अक्टूबर माह से होगा आयोजित

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** झारखंड की अस्मिता और माटी की लड़ाई को नए सिरे से शुरू कर वर्तमान सरकार में सियासी हलचल और जमीनी मुद्दे 1932 के खतियान सहित स्थानीय तथा नियोजन नीति आंदोलन के मुख्य संयोजक टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम केरेडारी में अक्टूबर माह में होगी। इसे लेकर मंगलवार को दीपक कुमार दीन्हा तथा प्रदीप कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में केरेडारी-बड़कागांव का एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पर मुलाकात कर बड़कागांव तथा केरेडारी की धरती पर आने का न्यौता दिया । इस मुलाकात के के बाद दीपक कुमार दीन्हा ने बताया कि जयराम महतो एक सच्चे झारखंड आंदोलनकारी है और वे संपूर्ण झारखंड की माटी तथा अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे हैं,वे सभी झारखंडियों के हक और अधिकार की खातिर न्यौछावर है,हमें भी अपना हक अधिकार के लिए जयराम महतो की हाथों को मजबूत करना है। वही जयराम महतो ने कहा कि वर्तमान में जो हमारा सोना झारखंड राज्य की स्थिती है वो हम सभी झारखंडियों की माटी और अस्मिता काफी खतरे में है ।जिसके लिए हमें झारखण्ड राज्य मिला वही झारखंडियों का असली पहचान 1932 आज तक नहीं मिल पाया है। उसी की लड़ाई के खातिर हम पूरे झारखंवासियों से निवेदन करते है कि इस हक की लड़ाई में अपनीझअपनी भागीदारी दें ।

## पांच दिवसीय योग शिविर हवन के साथ संपन्न

**कोडरमा।** पतंजलि परिवार योग प्रचारक प्रकल्प समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क पांच दिवसीय योग शिविर हवन के साथ सम्पन्न हुआ। यह शिविर बजरंगबली मंदिर के प्रांगण गौशाला के परिसर के पास चल रहा था। शिविर समापन के बाद योगाचार्य योगी सुषमा सुमन ने मंत्रों का उच्चारण करके हवन कराया और बताया कि अब रिसर्च करके भी पाया गया जो बीमारी इंसान के पास परेशान कर रहा है वह उस चीज का आहुति देने से बीमारी में लाभ होता है। इसलिए हवन का बहुत महत्व हो गया है। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने मंच संचालन करते हुए बताया कि गौ सेवा धाम योग शिविर एक कमेटी गठित करके प्रत्येक दिन योग शिविर चले इसके लिए दो योग शिक्षक बनाया गया। रामदेव विश्वकर्मा और दिलीप कुमार सहयोग शिक्षक, रूप नारायण मोदी, कमेटी के अध्यक्ष महावीर यादव, उपाध्यक्ष विजय राम और संरक्षक गौरी शंकर, ईश्वर दयाल, नारायण मोदी, रामेश्वर यादव, अभय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य देवनारायण मोदी, संजय यादव, प्रवीण कुमार, रघुनंदन मोदी, मथुरा यादव, गब्बू स्वर्णकार, अरविंद सिंह, रामसेवक मोदी, विजय पंडित, विनोद मोदी, प्रदीप चंद्रवंशी, उमेश मोदी, सरयू चौधरी, राम जी मोदी, सुरेंद्र मोदी, प्रमिला देवी, सविता देवी, शकुंतला देवी, उमा देवी सभी मिलकर योग शिविर चलाएंगे।

## स्टेट कोआर्डिनेटर ने किया एसएनसीयू का निरीक्षण

**कोडरमा।** सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे स्टेट कॉर्डिनेटर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार स्टेट कॉर्डिनेटर श्री तलपत्रा ने एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण करते हुये ऑक्सीजन पाइपलाइन बिछाने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एचएम तबस्सुम नाज के द्वारा स्टेट कॉर्डिनेटर से एसएनसीयू वार्ड के बाबत कई जानकारी उपलब्ध कराया, जिससे टीम संतोष हुई और कहा एचएम के नेतृत्व में सदर अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बहरहाल टीम ने अस्पताल की व्यवस्था को और सुधारने का निर्देश दिया। मौके पर डॉ भारती सिंहा, एचएम तबस्सुम नाज, सागर, प्रियंका सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## 25 लाख का सामुदायिक शौचालय बेकार



**कोडरमा।** कोडरमा नगर पंचायत के द्वारा नप के कई वार्ड मे 25 लाख की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। लेकिन देखरेख के अभाव में आज बेकार पडा है। वहीं कई जगहों पर इसके जरूरी सामान को लोगो के द्वारा तोड़ दिया गया है। बता दें नप इलाके में बने शौचालय को आज दो साल हो गया है लेकिन अभी तक चालू नहीं होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूछे जाने पर आसपास के लोगो नें बताया है कि सिर्फ 25-25 लाख से शौचालय बना दिया गया है। शौचालय बने हुये दो साल से अधिक हो गये वावजूद इसका संचालन शुरू नहीं हो सका। इधर कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार जैसल से पूछें जाने पर उन्होंने बताया है कि लाइन और कर्मी की कमी के कारण चालू नहीं हुए हैं जिसे शीघ्र ही चालू कराया जायेगा।

### परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में विदाई सह स्वागत समारोह आयोजित

# शिक्षा क्षेत्र में अशोक पाल की भूमिका सराहनीय : विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय परिसर में अजप्ता एवं सहायक शिक्षक संघ बरकट्ठा ईकाई के तत्वावधान में विदाई सह स्वागत समारोह आयोजित की गई। समारोह में मुख्य रुप से विधायक अमित कुमार यादव, जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार,पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक पाल चरचु बीईओ नागेश्वर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं संचालन शिक्षक यमुना प्रसाद ने किया। मौके पर पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक पाल को विदाई दी गई वहीं नये बीईईओ किशोर कुमार का शिक्षक संघ ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक अमित कुमार यादव ने कहा की अपने कार्यकाल में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक पाल ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभाई। उन्होंने प्रखंड में शिक्षा को नई दिशा दी। उनकी मेहनत को क्षेत्र हमेशा याद रखेगा।



### समारोह में उपस्थित लोग

अजप्ता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, संतोष कुमार, रामकिसुन महतो, लीलाधारी प्रसाद, सेवानिवृत्त शिक्षक मुरलीधर प्रसाद, मधु प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना बैठा , सहायक शिक्षक संघ सचिव सुकर ठाकुर, रियाजउद्दिन, पवन कुमार, संजय प्रसाद, उमेश कुमार, दिनेश प्रसाद, उतिम महतो, रामचन्द्र साव, युसुफ अंसारी समेत दर्जनों शिक्षकगण उपस्थित थे।

## सरकारी विद्यालयों में 22-26 अगस्त के बीच आयोजित होगी पोस्टर प्रतियोगिता

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय शिक्षा परियोजना कार्यक्रम तथा सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के तकनीकी सहयोग से झारखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में 22 अगस्त से पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में छठी से 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विद्यालय स्वास्थ्य एवम कल्याण कार्यक्रम के तहत निहित 15 विषयो में से किसी एक पर स्वेच्छा से पोस्टर तैयार करने होंगे। इस बाबत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की महत्वपूर्ण ईकाई जेसीईआरटी के द्वारा सभी जिलों को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं। उपरोक्त के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण ने कहा है कि 22 से 26 अगस्त तक विद्यालय स्वास्थ्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी जिसमे प्रधानाध्यापक, विद्यालय आरोग्य दूत और अन्य वरीय शिक्षक निर्णायक के रूप में रहेंगे। इसके बाद 29-30 अगस्त तक विद्यालयों से चयनित 3-3 प्रतिभागियों की प्रतियोगिता प्रखंड स्तर पर होगी जिसमें निर्णायक की भूमिका में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनिवार्य रूप से होंगे। इसके साथ चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी निर्णायक के रूप के शामिल किया जा सकता है। इसके बाद 1- 4 सितंबर तक जिला स्तर पर इसका आयोजन होगा जिसमें निर्णायक के तौर पर जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के प्रतिनिधि आदि सम्मिलित किए जायेंगे। सर्वश्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत किए जायेंगे। इन प्रतियोगिताओं में सभी मध्य, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक यथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, जिला वार चयनित मॉडल स्कूल समेत अन्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। पोस्टर प्रतियोगिता के संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक, संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पोस्टर में ही अपनी जानकारी देनी होगी। पोस्टर के दाहिनी ओर विद्यार्थी को अपना नाम, रोल नंबर, कक्षा, स्कूल, प्रखंड व जिला का नाम लिखना होगा।



## एनटीपीसी के द्वारा मच्छरदानी का वितरण

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी चट्टी बारीयातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना से प्रभावित पगार गांव की बिरहोर कॉलोनी में ग्रामीणों के बीच 200 मच्छरदानी वितरित की गई। मच्छरदानी वितरण के लिए गांव में प्रातः सुबह से ही लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी थी। परियोजना प्रमुख बी .एम सिंह के मार्गदर्शन में यह वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गयो वर्षा ऋतु में ग्रामीण लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मच्छरों से बचाव के लिए एनटीपीसी ने यह कार्यक्रम चलाया है। परियोजना प्रमुख श्री सिंह बताते हैं की मलेरिया प्रभावित गांवों में रहने वाले लोगों तक मच्छरदानी पहुंचाने से लोगों को बहुत लाभ मिला है और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेगें। इस वितरण कार्यक्रम में परियोजना के अपर-महाप्रबंधक एस.पी गुप्ता व चट्टी बरियातु के मुखिया झरिलाल महतो सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे ।

## महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनी पूनम

**विष्णुगढ़।** पूनम कुमारी को विष्णुगढ़ महिला कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है ।इस सम्बंध में हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी महिला अध्यक्ष कुमारी बाखला ने पत्र जारी किया है ।,जिला अध्यक्ष कांग्रेस अवधेश सिंह ,एवं जिला सचिव सुनयना दुबे की उपस्थिति में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। पूनम वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव में वार्ड सदस्य के रूप में बिष्णुगढ़ प्रखंड के चेडरा पंचायत में निर्वाचित है ।प्रखंड अध्यक्ष पूनम कुमारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो सम्मान मुझे दिया है उसकी मैं ऋणी हूं और पार्टी के द्वारा मुझे जो भी जिम्मवारी दी जायगी। उसकी मैं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगी एवं मेरा हर कार्य जनहित में समर्पित रहेगा। मौके पर बेबी देवी ,इंदु पांडेय ,रूपा कुमारी टोपनो, बिंदु कुमारी, निसार खान, मिथिलेश दुबे, मौजूद थे।

## हिंदू संगठनों के लगातार आंदोलन व प्रशासन के दबाव के कारण वसीम ने किया सरेंडर

### बाकी सभी आरोपी आज करेंगे सरेंडर : सेक्रेटरी

**बड़कागांव (आजाद सिपाही) ।** सिरमा गांव में युवती के साथ मुस्लिम युवकों द्वारा अभद्र व्यवहार, गाली गलौज के साथ साथ कान-उठक बैठक कराने को लेकर बड़कागांव थाना में दर्ज मामले के बाद भाजपा समेत कई हिंदू संगठनों द्वारा किए जा रहे लगातार आंदोलन एवं सिरमा अंजुमन व जनप्रतिनिधियों के दबाव तथा पुलिस प्रशासन की कठोर कार्रवाई के उपरांत मंगलवार को हजारीबाग कोर्ट में मुख्य अभियुक्त मुखिया पुत्र वसीम अंसारी ने सरेंडर किया जिसकी पुष्टि होने के बाद सिरमा अंजुमन कमेटी सेक्रेटरी प्रोफेसर बदरुद्दीन ने कहा कि अंजुमन द्वारा किया गया वादा पूरा किया गया हालांकि 24 घंटे के जगह पर 48 घंटे समय लगा जिसके लिए मुझे खेद है लेकिन क्षेत्र में अमन व शांति के लिए उक्त कार्य अनिवार्य था जिसको लेकर पुलिस प्रशासन के सहयोग से अंजुमन कमेटी ने मुस्तैदी से कार्य किया और पुलिस को सहयोग कर मुख्य अभियुक्त को सेरेंडर करवाने में सहयोग किया वहीं बुधवार को बाकी सभी आरोपी हजारीबाग कोर्ट में सरेंडर करेंगे। उधर बड़का का थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की से पूछे जाने पर बताया कि उक्त मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध कुर्की का आदेश ले लिया गया है लेकिन जानकारी के अनुसार मुख्य अभियुक्त मुखिया पुत्र वसीम ने हजारीबाग कोर्ट में सरेंडर किया है बाकी अगर सिलेंडर नहीं करते हैं तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। वही इस संबंध में बड़का को विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दोस्ती कभी बक्से नहीं जाएंगे इसको लेकर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से लगातार संपर्क में थे और इसके बाद आज मुख्य अभियुक्त ने हजारीबाग कोर्ट में सरेंडर किया है तथा बाकी बचे आरोपी बुधवार को सरेंडर करेंगे विधायक ने आगे कहा कि भाजपा द्वारा राजनीति कर क्षेत्र को अशांत करने का प्रयास किया जा रहा है तथा पीड़िता को सहयोग करने का ड्रामा है।

## रेलवे स्टेशनों के पूछताछ केंद्रों पर सहयोग का बोर्ड लगा

**कोडरमा।** धनबाद रेल मंडल के कोडरमा सहित 11 स्टेशनों के पूछताछ केंद्र पर सहयोग का बोर्ड लगा दिया गया है। इस तरह रेलवे पूछताछ केंद्र का नाम अब ह्यह्यसहयोगह्णह्ण हो गया है। बाकायदा इसकी पहल भी शुरू कर दी गई है। दरअसल, पूछताछ का नाम के बदले इसका सहयोग नाम करने संबंधित सूचना रेल बोर्ड से जारी कर दिया है। इसे लेकर जितने भी स्टेशन के पूछताछ काउंटर हैं, सबको बदलकर सहयोग नाम का बोर्ड लगाने की तैयारी चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार धनबाद रेल मंडल के 17 स्टेशनों में से 11 पूछताछ केंद्र में सहयोग काउंटर शुरू हो गया है। 23 अगस्त तक छह अन्य स्टेशनों में भी सहयोग काउंटर शुरू हो जाएगा। रेलवे बोर्ड ने यह आदेश जारी किया है। पूछताछ काउंटर पर यात्रियों को अब सहयोग लिखा हुआ मिल रहा है।

### हजारीबाग प्रेस क्लब की वेबसाइट का शुभारंभ आज

## वीसी, डीसी और एसपी के हाथों होगा उद्घाटन

**हजारीबाग।** शहर के डीवीसी सभागार में हजारीबाग प्रेस क्लब के वेबसाइट का शुभारंभ आज किया जाएगा। उद्घाटन विनोबा भावे विश्विद्यालय के कुलपति मुकुल नारायण देव, डीसी नैंसी सहाय और एसपी मनोज रतन चौथे के हाथों वेबसाइट का उद्घाटन होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार को हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्यों ने डीवीसी रेस्ट हाउस में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की। अतिथियों का स्वागत समेत अन्य बातो पर चर्चा की। बैठक के दौरान सदर विधायक मनीष जायसवाल भी पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर पत्रकारों को कार्यक्रम की अग्रिम शुभकामना दी। बैठक में अध्यक्ष मुरारी सिंह, सचिव विस्मय अलंकार, वरिष्ठ पत्रकार विकास कुमार सिंह, कृष्णा गुप्ता, अर्जुन सोनी, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, अजय मिश्रा, संयुक्त सचिव सागर कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार गिरी शानू, सचिन खंडेलवाल, गौरव प्रकाश, रंजन चौधरी, अनुज सिन्हा, रवि शर्मा, रवि सिंह आदि उपस्थित थे।



## शहीद मुनेश्वर सिंह के बलिदान को बेकार नहीं जाने देंगे : राजकुमार प्रसाद



**इचाक।** प्रखंड के पुराना काली मंडा प्रांगण में मुनेश्वर सिंह का 16 वां शहादत दिवस मनाया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद एवं संचालन सचिव आनंद कुमार यादव ने किया। इस कार्यक्रम में जिला महासचिव शंकर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे, जिला उपाध्यक्ष कैलाश मेहता ने बारी-बारी से अपने बातों को रखा। प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने कहा की शहीद मुनेश्वर सिंह के बलिदान को बेकार नहीं जाने देंगे। जिला महासचिव शंकर प्रसाद ने कहा कि हम लोग 2007 में आंदोलन में थे रांची में पुलिसिया कार्रवाई लाठीचार्ज में घायल हुए 22 अगस्त 2007 को मुनेश्वर सिंह का देहांत हो गया था। हम अपने शहीद साथियों की शहादत बेकार नहीं जाने देंगे। आज हम लोग संकल्प लेते हैं कि सरकार के गलत नीतियों का विरोध करते रहेंगे साथ ही हम अपना हक और अधिकार लेकर रहेंगे। वेतनमान एवं सारी सुविधाएं संघर्ष करके लेकर रहेंगे।

## बस ठहराव के पास किया गया पौधरोपण

**बरही।** बरही चौक समीप हजारीबाग रोड के किनारे मंगलवार को बस ठहराव स्थित बने डिवाइडर के रिक्त स्थान पर हरियाली के संरक्षक सुरेंद्र साव के द्वारा कदम का छायादार पौधा लगाया गया। सुरेंद्र साव ने बताया कि यात्री ठहराव के स्थान पर कुछ लोगों ने छायेदार वृक्ष लगाने के लिए अपील किया था। उन्होंने बताया कि पेड़ पौधा लगाने में ही मुझे अलौकिक आनंद मिलता है और इसी से ही मुझे एक अलग पहचान मिली है। मैं बिहार में एक सहायक शिक्षक हूं,जब भी मुझे समय मिलता है पौधा लगाने का काम करता हूं। मैं झारखंड और बिहार में हजारों पेड़ पौधा लगा चुका हूं। उन्होंने पेड़-पौधों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें जीवन दायनी प्राण वायु आक्सीजन हमें पेड़-पौधों से ही मिलती है। पेड़-पौधे ही बारिश कराने में मददगार होते हैं। इससे सभी को पौधे लगाने चाहिए साथ ही उनका संरक्षण करना चाहिए। वहीं लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने की भी अपील की। वहीं बुजुर्ग व्यवसायी राजेंद्र स्वर्णकार ने कहा कि पेड़ पौधे अपने पुत्र के तरह मददगार साबित होती है,जिसे मैं अपने निजी तौर पर लगाकर पाया है। बताते चलें कि बरही के चौक चौराहे पर यात्रियों की ठहराव होती है,लेकिन आसपास कहीं यात्री पड़ाव उपलब्ध नहीं है, गर्मी के तपती धूप व बारिश से लोग परेशान हो जाते हैं।

## वन बचाव को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

**विष्णुगढ़ ।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के हेठली बोदरा में वन बचाव को लेकर सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक व संचालक धर्मेन्द्र पाठक ने किया। बैठक में उजड़ रहे जंगल को बचाने के साथ वन भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जा व अवैध निर्माण पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए वन बचाव समिति का गठन किया गया ।इसके लिए सर्वसम्मति से इक्कीस सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। संतोष यादव को अध्यक्ष, भोला यादव को कोषाध्यक्ष एवं सुनीता देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया जबकि कमेटी का पदेन सचिव फोरेस्टर को बनाया गया। इसके अलावा मूलचंद यादव, बद्री यादव, जयराज सिंह, मेघलाल सिंह, विजय पंडित, राहुल यादव, भतनी देवी, कपूर देवी, जानकी देवी, मीना देवी, गुंजरी देवी आदि को सदस्य बनाया गया। संचालन कर रहे धर्मेन्द्र पाठक ने कहा कि वन और पेड़- पौधों का जीवन में क्या महत्व है यह कोरोना ने पिछले साल बता दिया था जब कोरोना संक्रमितों की जान ऑक्सीजन के अभाव में जा रही थी। वर्तमान में सुखाड़ भी इसका उदाहरण है। वनरक्षी संजीत कुमार ने कमेटी से अपील की वे वनों की रखवाली अच्छी तरह से करें। कहा कि जंगल की रक्षा अच्छी तरह से करने पर कमेटी को पांच लाख रुपए तक का पुरस्कार मिल सकता है।

## बहेरा मध्य विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का किया गया आयोजन



**चरही :** चरही कोयलांचल क्षेत्र के बहेरा मध्य विद्यालय में बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के नेतृत्व में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुखिया ने संबोधित करते हुए कहा कि इस विधयालय में और पंचायत का तमाम विधयालय में बच्चों लोगों को पठन पाठन के लिए हर सम्भव मदद किया जाएगा इस विधयालय में बच्चों लोगों के लिए खेल सामग्री का भी समान उपलब्ध करया जाएगा खेल से बच्चों लोगों को विकसित होता है। और विधयालय का चारदीवारी के अंदर पौधा रोपन भी किया जाएगा। इस क्रम ये लोग हुए शामिल मुखिया देवकी महतो, प्रबंधन समिति संजोजीका सोनी देवी विधयालय अध्यापक जितेंद्र राय संतोष राय एंव दर्जनों अभिभावक शामिल हुआ।

## तिलेश्वर साहू सेना की हुई बैठक

**बरही।** मंगलवार को बरही आवास में तिलेश्वर साहु सेना का बैठक किया गया। बरही, पदमा, चंदवारा,चौपारण प्रखंड के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता अरुण साहू व संचालन संतोष रजवार ने किया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें संगठन विस्तार,बूथ स्तर पर कार्यकर्ता बनाना,प्रखंड कमिटी एवं पंचायत कमिटी को मजबूत करना, प्रखंड, अंचल,थाना एवं अस्पताल मे पब्लिक के कार्य को करना सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, सचिव विषुणधारी महतो,उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर, प्रकाश विश्वकर्मा, भोली पासवान, जमीरुद्दीन, प्रकाश दास, गौतम चंद्रवंशी, विष्णु साहु, उगंती देवी,पार्वती देवी, गोविंद मेहता,पूर्व जिला परिषद बीरेंद्र भुइयां, रामप्रकाश, मीडिया प्रभारी बब्लू साहु समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी आयोजित

**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** प्रखण्ड के कोदवे स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अभिभावक - शिक्षक गोश्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया । इस बैठक को अध्यक्षता उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो व संचालन विद्यालय के ही शिक्षक रामलाल राणा ने कियो इस गोश्ठी में वार्डन दीपा टोप्पो ने विद्यालय की गतिविधियों, छात्राओं के शैक्षणिक कार्यों सहित कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक अभिभावकों को अवगत करायो वहीं दूसरी ओर अभिभावकों ने भी छात्राओं के विकास से जुड़े कई अहम सुझाव विद्यालय परिवार को भी दिया। विद्यालय की वार्डन दीपा टोप्पो व शैक्षणिक कार्य में कार्यरत कर्मियों ने अभिभावकों को बेहतर शैक्षिणक परिणाम को लेकर आश्वस्त किया है गोष्ठी को सायरा बानो,प्रदीप गंझु,नारायण प्रसाद,धर्मनाथ महतो ने भी संबोधित कियो मौके आर विद्यालय प्रबन्धन समिति से द्रौपदी देवी,यशोदा देवी,सुशीला देवी, बिनोद कुमार, बेबी कुमार, हुल्लास महतो व रामलाल राणा सहित सैकड़ों अभिभावक मौजूद थे ।

## जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक घनश्याम प्रसाद मेहता की द्वितीय पुण्यतिथि मनी

**हजारीबाग।** जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक स्व घनश्याम प्रसाद मेहता की द्वितीय पुण्यतिथि इचाक स्थित जीएम इंटर महाविद्यालय में मनाई गई। कार्यक्रम सर्वप्रथम शांति पाठ एवं नारायण पूजन के साथ प्रारंभ किया गया, जिसमें घनश्याम प्रसाद मेहता के पुत्र विनय कुमार, शंभू कुमार, रोहित कुमार एवं सुजीत कुमार ने संयुक्त रुप से नारायण पाठ एवं पूजन किया। इस पुण्यतिथि के अवसर पर घनश्याम मेहता के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, उदय भान नारायण सिंह समेत अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अतिथियों ने कहा की घनश्याम प्रसाद मेहता स्वयं एक किसान के पुत्र होने के साथ-साथ एक शिक्षाविद और समाजसेवी के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इचाक प्रखंड के कर्मयोगी पुरुष थे। उनके कर्मयोग के महत्व को ध्यान में रखते हुए संस्था के द्वारा भगवत गीता पुस्तक का वितरण किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
05

# पांच दिवसीय भादो अमावस्या महोत्सव शोभायात्रा के साथ आरंभ





**रामगढ.(आजाद सिपाही)।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वधान में आयोजित पांच दिवसीय भादो अमावस्या महोत्सव मंगलवार को शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। शोभा यात्रा शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर से शुरू होकर शहर के बिजुलिया तालाब रोड, लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, मेन रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई।

### शोभायात्रा में ये थे शामिल

शोभायात्रा में बजरंग लाल अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, विजय सराओगी, अशोक अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अभिषेक सिंघानिया, केशव अग्रवाल, महावीर पटवारी, विमल बुधिया, टोनी अग्रवाल, संजीव बरेलिया, मुरारी अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, प्रमोद मोदी, सुभाष अग्रवाल, महेश चंद्र अग्रवाल, संगीता बुधिया, रीता अग्रवाल, संजना अग्रवाल, शीला जैन, अनीता शर्मा सहित कई शामिल थे।

### रंग-बिरंगे विदेशी फूलों से मंदिर को सजाया गया

महोत्सव को लेकर श्री रानी सती दादी मंदिर के दरबार को आकर्षक रंग बिरंगे विदेशी खुशबूदार फूलों से सजाया गया। साथ ही मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है।

### दादी जी के गीतों से प्रीति पांडे और कमल बगड़िया ने बढ़ाया शोभा

शोभायात्रा के दौरान प्रसिद्ध गायिका प्रीति पांडे और समाजसेवी कमल बगड़िया एवं उनकी टीम ने एक से एक दादी जी के भजन पेश कर शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### सामाजिक संस्थाओं में जलपान और फल का किया वितरण

शोभायात्रा के दौरान शहर की कई सामाजिक संस्थाओं ने जलपान और फल का वितरण किया। शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट एवं श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### 13 महिलाएं ने त्रिशूल, कलश और ध्वजा के साथ शोभायात्रा का बढ़ाई शोभा

शोभायात्रा के दौरान विशेष आकर्षण घोड़े पर सवार तदन दास एवं पालकी में बैठी रानी सती दादी बहुत ही खूबसूरत लग रहे थी। वही, दादी जी का दरबार बहुत ही आकर्षक और मनमोहक लग रहा था। दादी जी के सजे दरबार के पीछे 13 महिलाएं त्रिशूल के साथ, 13 महिलाएं कलश और 13 महिलाएं दादी जी की विशेष ध्वजा लेकर चल रही थी, जो सभी राजस्थानी वेशभूषा आकर्षण का केंद्र था। इसके अलावा 300 ध्वजा लिए दादी जी के प्रेमी दादी जी का गुणगान करते हुए चल रहे थे।

## भुरकुंडा पंचायत में दर्जनों लाभुकों के बीच साड़ी और धोती का हुआ वितरण

**भुरकुंडा।** सोना सोबरन योजना के तहत भुरकुंडा पंचायत के डीलर सुबोध कुमार सिन्हा के जन वितरण प्रणाली दुकान में मंगलवार को दर्जनों लाभुकों के बीच साड़ी व धोती का वितरण किया गया। इस दौरान भुरकुंडा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार, उपमुखिया संजीत राम व विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय द्वारा करीब 60 से 70 राशन कार्डधारी के बीच धोती-साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। बताया गया कि सोना सोबरन योजना के तहत साल में दो बार लाभुको के बीच उक्त सामग्री का वितरण किया जायेगा। साथ ही पीएच और ग्रीन कार्डधारियों को भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। सरकारी दिशा-निर्देश के अनुसार सभी लाभुकों को धोती-साड़ी के लिए दुकान के डीलर को 20 रूपया देना पड़ता है। मौके पर डीलर सुबोध सिन्हा, रॉवेल एक्का, फिलिस्ता मिंज, मंजू मुंडा, शशि गुप्ता, छोटू, संतोष मुंडा, सनी उरांव, नेवंती वेग सहित दर्जनो लाभुक मौजूद थे। इधर डीलर सत्येंद्र कुमार सिंह के जन वितरण प्रणाली की दुकान पर भी दर्जनों लाभुकों के बीच साड़ी व धोती का वितरण किया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु जेम बोली (बिड) की सूचना प्रति**

मंडल रेल प्रबंधक विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती है।

जेम (GeM) बोली संख्या : GEM/2022/B/2451804, दिनांक – 19-08-2022, क्रम सं० : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : धनबाद मंडल के महदेईया रनिंग रूम ('सी' एरिया में 'सी' श्रेणी का रनिंग रूम) की विभिन्न गतिविधियों (जिसमें हाउस कीपिंग, मेसिंग, कपड़ा धुलाई, बागवानी एवं रहने वाले इच्छुक क्रू को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध करना शामिल है) की 640 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग। 2. कार्य के लिए अनुमानित राशि : रु. 51,02,381.00. 3. बयाना राशि : रु. 1,02,048.00. 4. ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा का बंद होना : 09-09-2022 को 15:00 बजे। ई-निविदा का खुलना : 09-09-2022 को 15:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : https://gem.gov.in **विशेष :** जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/00896/डीएचएन/ईओपीएल/एन/22-23/36

**IN THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JHARKHAND AT RANCHI**
5th Floor, Pragati Sadan, RRDA Building, Kutchery Chowk
Ranchi-834001 (Jharkhand)

**RECOVERY PROCEEDING No. 120 of 2015**
**In case O.A. No. 11 of 2009 (Central Bank of India, Main Road, Ranchi Vs. M/s Arun Industries & Others)**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY WARRANT OF ARREST SHOULD NOT ISSUED**

(See Rule 73 of Second Schedule of Income Tax Act 1961, read with Secs. 28 and 29 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993)

To,
**Sri Arun Kedia**, S/o Sri C. L. Kedia, R/o Kokar Industrial Area, Plot No. 61, Kokar, Ranchi 834001

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/11/2009** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI for recovery of **Rs. 30,64,095.00 (Rupees Thirty Lakhs Sixty Four Thousand Ninety Five Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on the **02.11.2022** and to show cause why you should not be committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate

Given under my HAND and SEAL of the Tribunal, on this date **22.07.2022**

(GAURAV KR. KASERA)
RECOVERY OFFICER

## आजसू कार्यकर्ताओं ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**टंडवा।** आजसू के सिमरिया विधान सभा प्रभारी मनोज चंद्रा की अगुवाई में आजसू की एक शिष्टमण्डल ने एसडीओ सुधीर दास को एक पत्र जारी कर ज्ञापन सौपी।जिसमे एसडीओ सुधीर को तीन दिन के अंदर टंडवा सीएचसी के डॉक्टरों को निलंबित करने का आग्रह किया है।मालूम हो बीते 19 अगस्त को टंडवा निवासी भुनेश्वर प्रसाद गुप्ता का 24 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार गुप्ता का टंडवा के सामुदायिक अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ कृष्ण कुमार एवं डॉ कुंदन कुमार के लापरवाही के कारण मृत्यु हो गयी थी। मृतक जितेंद्र कुमार गुप्ता उस दिन शाम को दोस्तों के साथ वॉलीबॉल खेल रहे थे इसी बीच वह मूर्छित होकर गिर पडे। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया था जहां लोगों को कोई भी डॉक्टर नहीं मिला। बहुत मशक्कत के बाद डॉ कुंदन कुमार मिले लोगों ने उन्हें जल्दी इलाज करने को कहा लेकिन बड़ी गैर जिम्मेदाराना तरीके से डॉ कुंदन कुमार ने उसे देखा और हजारीबाग रेफर कर दिया। जहां लोगों ने डॉक्टर से एंबुलेंस तथा ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की बात कही। जिसे बड़ी गैर जिम्मेदाराना तरीके से इसे नकार दिया और कहा की यहां कुछ नहीं है। लोगों ने घायल युवक की व्याकुलता को देखते हुये निजी वाहन से हजारीबाग के लिये रवाना हो गये। लेकिन बीच रास्ते में ही ऑक्सीजन की कमी के कारण तड़प कर उसकी मृत्यु हो गयी।

## झारखंड के पानी से बिहार के खेत हो रहे गुलजार, यहां के खेतों में पड़ी हैं दरारें

**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड के गोसाईडीह पंचायत अंतर्गत पिंडरा गांव में बने नहर से बिहार के गया जिले के डोभी, शेरघाटी, बोधगया प्रखंड गुलजार है ।जबकि झारखंड के चतरा जिला का हंटरगंज प्रखंड के खेतों में पानी के अभाव में दरार पड़ गए हैं। चतरा की पानी से बिहार के लोग फायदा उठा रहे हैं। जबकि झारखंड के चतरा जिला के अंतर्गत हंटरगंज के लोग किसान पानी के लिए पानी पानी हो रहे हैं। इस ओर गोसाईडीह पंचायत के मुखिया अंजू सिंह एवं उरैली पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रीता देवी ने उपायुक्त से करती हैं कि चतरा जिले के हंटरगंज से लीलाजन नदी के पानी का बहाव को रोकते हुए हंटरगंज में सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाए। हंटरगंज चतरा के सीमाना स्थित भुईयाडीह एवं जोरी के आसपास घोराघाट जैसा एक के नहर यानी बराज पुल का निर्माण हो । जिससे प्रखंड के लगभग सभी गांवो में पानी की सुविधा बहाल हो। मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं सांसद सुनील कुमार सिंह से भी आग्रह किया है ।जनहित एवं किसानों की दुर्दशा को देखते हुए इस पर अभिलंब विचार करने की जरूरत है।

## बहन की रेप और हत्या के वर्षो पुराने शक ने तीन भाइयों को बना दिया हत्यारा

**चतरा :** करीब पंद्रह से बीस वर्ष पूर्व रामगढ़ के घाटो में घटी बहन की रेप व हत्या के वर्षो पुराने शक के प्रतिशोध ने चतरा के तीन भाइयों को हत्यारा बना दिया। पुलिस की एसआईटी ने एक सप्ताह पूर्व जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 बक्सा जंगल से बरामद ब्लाईंड शव बरामदगी मामले का खुलासा करते हुए घटना में शामिल तीन हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी राकेश रंजन द्वारा गठित एसआईटी ने ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए घटना में शामिल तीनों हत्यारों को सिमरिया थाना क्षेत्र के दुंदुवा गांव से गिरफ्तारी करने में सफलता हासिल की है। विगत 14 अगस्त को अज्ञात सिर कटा लाश बरामदगी मामले की जांच के दौरान मृतक की पहचान रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंगाबाद निवासी बालेश्वर रजक के रूप में हुई थी। इतना ही नहीं गिरफ्तार हत्यारों के निशानदेही पर मृतक का सिर भी पुलिस ने अमानत नदी से बरामद कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त बांस का बेंत लगा कुल्हाड़ी, एक बाईक व विभिन्न कंपनियों का तीन मोबाइल फोन भी जप्त किया गया है। मामले के खुलासे को ले एसपी ने सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था, जिसमे लावालौंग थाना प्रभारी नंदन कुमार समेत अधिकारियों व शसस्त्र बल के जवानो को शामिल किया गया था।

# जेएसपी को केंद्र सरकार से दो श्रेणियों में मिला नेशनल सीएसआर अवार्ड



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के कंपनी मामलो के मंत्रालय ने कंपनी का चयन नेशनल सीएसआर अवार्ड 2020 की दो श्रेणियों के लिए किया है। जेएसपी को दो श्रेणियों, महत्वाकांक्षी जिलोंध्कठिन क्षेत्रों (पूर्वी भारत) में सीएसआर और राष्ट्रीय प्राथमिकता क्षेत्र (दिव्यांगों की सहायता) में सराहनीय सेवाओं के लिए इस सम्मान का विजेता घोषित किया गया है। जेएसपी को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकार, देश के तीन प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थानों और उद्योग एवं व्यापार मंडलों के बाद क्षेत्र में किये गए कार्यों का सत्यापन व सर्वोच्च निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन की नामांकन की निर्धारित प्रणाली के आधार पर मंत्रालय द्वारा शुरू की गई तीन चरणों की एक कठोर चयन प्रक्रिया के बाद चुना गया है। इस उपलब्धि पर जेएसपी के चेयरमैन श्री नवीन जिन्दल ने कहा, ष्हम लोगों के साथ मिलकर और इस धरती को हरा-भरा बनाए रखने के उद्देश्य से उद्योग के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान करते हुए समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कृतसंकल्प हैं। हम सीएसआर के तहत बहुआयामी सामाजिक विकास कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि हम अपने प्लांट क्षेत्र के साथ-साथ देश के अन्य स्थानों पर लोगों के जीवन में बदलाव ला सकें। कंपनी मामलों के मंत्रालय द्वारा जेएसपी को दो श्रेणियों में नेशनल सीएसआर अवार्ड वास्तव में लोगों के लिए काम करने के हमारे जुनून, हमारे दर्शन का परिचायक है। हमारे लिए लोग सदैव सबसे पहले है। जेएसपी को नेशनल सीएसआर अवार्ड के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा, ष्हम आभारी हैं और प्रोत्साहित भी हुए हैं कि भारत सरकार ने हमें हमारे सीएसआर कार्यक्रमों के लिए सर्वोच्च अवार्ड प्रदान किया है। महामारी पर विजय प्राप्त करने के बाद हम स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज और जलवायु समेत अनेक क्षेत्र में संकटों और जरूरतों के बारे में और अधिक सजग हुए हैं। हमारे सभी कार्यक्रम पूरी तरह से संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप हैं और हमारा लक्ष्य देश में लोगों के जीवन को और बेहतर बनाने के लिए काम करना है। यह अवार्ड गरीबों-जरूरतमंदों के उत्थान के लिए विभिन्न विकास कार्यक्रम लागू करने के प्रयासों में और तेजी लाने के लिए हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। वाड़ी जेएसपी द्वारा चलाई गई वह परियोजना है, जिसकी समीक्षा नेशनल सीएसआर अवार्ड के लिए की गई। यह छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक की अनुसूचित जनजाति आबादी को लाभान्वित करने वाली 500 एकड़ पहाड़ी भूमि पर लागू कृषि बागवानी परियोजना है। इसी तरह जेएसपीएल फाउंडेशन ने ओडिशा के अंगुल जिले के पल्लाहारा ब्लॉक में 1200 से अधिक बच्चों में कुपोषण घटाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## छोटकी लारी स्थित प्राथमिक विद्यालय में हुआ शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** छोटकी लारी स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास उनके शैक्षणिक विकास में शिक्षकों और अभिभावकों का सामंजस्य पूर्ण वातावरण तैयार करना। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद पूर्व प्राचार्य पुन्नुराम नायक ने कहा कि अभिभावकों की सक्रियता तथा आचार्यो के साथ बेहतर संबंध, सामंजस्य लाये बिना छात्रों के शैक्षिणिक अथवा अन्य प्रगति को सकारात्मक रूप में लाना कठिन होता है। अतः इस तरह की गोष्ठी आयोजित कर बालकों के शैक्षणिक, चारित्रिक गतिविधियों पर चर्चा कर इसे सही दिशा प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति की अध्यक्ष भुवनेश्वरी देवी व संचालन प्राचार्य भोला करमाली ने किया। मौके पर कृपाल महतो, मोगीश अहमद, कुसुमा कुमारी, पूनम देवी, गुरुचरण नायक, सुनील महतो, सहजु महतो, वचनदेव महतो सहित कई मौजूद थे।

**स्कूल में संचालित अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा**

## नकली शराब बनाकर बिहार भेजने की थी योजना

**चतरा (आजाद सिपाही)।** बंद स्कूल के जर्जर भवन में संचालित अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया गया। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश के नेतृत्व में गठित मयूरहंड थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने की कार्रवाई। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अलकडीहा में अंतरराज्यीय गिरोह के तस्करों के द्वारा संचालित किया जा रहा था अवैध शराब फैक्ट्री। अवैध शराब बनाकर अंग्रेजी शराब का नकली स्टीकर लगाकर बिहार में खपाने की थी योजना। 888 बोतल इंपिरियल ब्लू स्टीकर लगा नकली शराब, 375एमएल का 552 बोतल रॉयल स्टैग, 180एमएल का 150 व 375एमएल का 209 बोतल इंपिरियल ब्लू, 180एमएल का 170 बोतल बिना स्टीकर लगा मैकडॉवेल, 180एमएल का बिना स्टीकर लगा 35 बोतल रॉयल स्टेग, 200 लीटर का 2 प्लास्टिक ड्राम, 500 लीटर का दो सिंटेक्स, एक सेक्शन लगा इलेक्ट्रिक वाटर पंप, 5 लीटर काला केमिकल, एक लीटर गंधयुक्त केमिकल, बोतल में चिपकाने के उद्देश्य से स्टॉक किया गया ।

# महंगाई एवं बेरोजगारी से देश की जनता त्रस्त : रामेश्वर उरांव

## गोला में कांग्रेस का बेरोजगारी एवं कमरतोड़ महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** बढ़ती बेरोजगारी एवं कमरतोड़ महंगाई से देश की जनता त्रस्त है। केंद्र सरकार की गलत एवं जनविरोधी नीतियों के कारण आज महंगाई आसमान छु रही है। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान देश के युवा बेरोजगार अपने भविष्य को लेकर पूरी तरह से उदासीन है। ये सब बातें झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने गोला डीवीसी चौक में बेरोजगारी एवं कमरतोड़ महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। इससे पहले वित्त मंत्री का गोला पहुँचने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। श्री उरांव ने आगे कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में पेट्रोल साठ रुपया एवं डीजल संतावन रुपया लीटर था।उस समय की सरकार कंपनी के घाटे को भरपाई कर पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों का दर कम कर जनता को महंगाई के बोझ से निजात दिलाती रही है।



### ये लोग थे मौजूद

कार्यक्रम में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जोनल कोऑर्डिनेटर शांतनु मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष रामबिनय महतो, अजीत करमाली, जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान , परमानंद सिंह,मनोज कोटवार, मनीष चिंगारी बिगन स्वर्णकार, मसरूल अली रजा, प्रदीप कुमार महतो, दिनेश कुमार महतो, कमलेश कुमार महतो,जाकिर अख्तर , परमेश्वर महथा, गौरीशंकर महतो, यासीन अंसारी , मुस्लिम अंसारी सुनील कुशवाहा, सगीर अंसारी, लखेश्वर,अर्जुन दीवान प्रेमसागर प्रसाद,मानीक पटेल, रामप्रसाद करमाली, सुरेश राम रविदास, रितिक,छोटन महतो, सोनी,अंशु बेदिया, अंदु महतो,ज्ञानी मुंडा,मो मासुक,एतवा मरांडी, पिंगलेश महतो, अब्दुल लतीफ आदि मौजूद थे।

### फोटो खिंचाने के लिए मंत्री का साथ नही छोड़ रहे थे कई कार्यकर्ता

कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के साथ कई नेता आगे पीछे होते रहे। वे सभी कैमरे की तलाश में दिख रहे थे। हालांकि जब कुछ पत्रकार अपने कैमरे में तस्वीरे कैद की तभी ये लोग राहत की सांस ली। पूछने पर बताया कि मंत्री के साथ फोटो होने से कद बढ़ता है।

## कांग्रेस जिला कमेटी ने किया प्रखंड मुख्यालयों में नुक्कड़ सभा

**रामगढ़।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। शहर के ब्लॉक चौक पर आयोजित नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने किया एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने किया। सभा में मुख्य रुप से वरिष्ठ नेता सीपी संतन उपस्थित हुए।

**केंद्र की गलत नितियो के कारण देश में बढ़ी महंगाई और बेरोजगारी**

नुक्कड़ सभा में कांग्रेस नेताओं ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर हल्ला बोला। कहा कि केंद्र सरकार के गलत नितियो के कारण पूरे देश में महंगाई एवं बेरोजगारी बेतहाशा वृद्धि हुई है।

**बेतहाशा महंगाई के कारण गरीबों के थाली से गायब हुआ अनाज : मुन्ना**

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि आज जिस प्रकार पूरे देश में महंगाई बड़ी है, गरीबों के थाली से अनाज गायब हो गया है, लोगों के सामने भुखमरी कि संकट है, गरीब, दलित, आदिवासी, मजदूर ,किसान सभी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। लेकिन अब कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। देश हित में अब हमें उग्र आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा।

**पूर्व तट रेलवे**

**64 SLRs एवं 7 VPs को लीज पर देने हेतु ई-नीलामी**

**(क) VPs का विवरण : (राउंड ट्रिप के आधार पर)**

| क्र. | ट्रेन नं. एवं टन में वहन क्षमता | से-तक | सामने/पिछला | लॉट समाप्ति होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12898/12897, 24 टन | भुवनेश्वर-पुदुच्चेरी | VP | 03.09.22, 1040 बजे |
| 2 | 12815/12816, 24 टन | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | VP | 03.09.22, 1050 बजे |
| 3 | 18477/18478, 23 टन | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | VP | 03.09.22, 1100 बजे |
| 4 | 12819/12820, 24 टन | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | VP | 03.09.22, 1110 बजे |
| 5 | 12875/12876, 24 टन | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | VP | 03.09.22, 1120 बजे |
| 6 | 12830/12829, 24 टन | भुवनेश्वर-मुंबई सेंट्रल | VP | 03.09.22, 1130 बजे |
| 7 | 18463/18464, 24 टन | भुवनेश्वर-बेंगलुरू | VP | 03.09.22, 1140 बजे |

लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 03.09.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 1 से 7 हेतु), न्यूनतम वृद्धि: 0.2% (क्रम सं. 1 से 7 हेतु), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (क्रम सं. 1 से 7 हेतु)।

**(ख) SLRs का विवरण :**

| क्र. | ट्रेन नं. एवं टन में वहन क्षमता | से-तक | सामने/पिछला | लॉट समाप्ति होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22866, 4 टन | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | R-1 | 01.09.22, 1030 बजे |
| 2 | 22866, 4 टन | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | F-1 | 01.09.22, 1040 बजे |
| 3 | 22882, 3.9 टन | भुवनेश्वर-पुणे | R-1 | 01.09.22, 1050 बजे |
| 4 | 20861, 3.9 टन | पुरी-अहमदाबाद | R-1 | 01.09.22, 1100 बजे |
| 5 | 22974, 3.9 टन | पुरी-गांधीधाम | F-1 | 01.09.22, 1110 बजे |
| 6 | 22910, 3.9 टन | पुरी-वलसाड | R-1 | 01.09.22, 1120 बजे |
| 7 | 12898, 3.9 टन | भुवनेश्वर-पुदुच्चेरी | F-1 | 01.09.22, 1130 बजे |
| 8 | 18419, 3.9 टन | पुरी-जयनगर | R-1 | 01.09.22, 1140 बजे |
| 9 | 17015, 4 टन | भुवनेश्वर-सिकंदराबाद | F-1 | 01.09.22, 1150 बजे |
| 10 | 12281, 3.9 टन | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | R-1 | 01.09.22, 1200 बजे |
| 11 | 18449, 3.9 टन | पुरी-पटना | R-1 | 01.09.22, 1210 बजे |
| 12 | 22827, 3.9 टन | पुरी-सूरत | R-1 | 01.09.22, 1220 बजे |
| 13 | 12146, 3.9 टन | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | R-1 | 01.09.22, 1230 बजे |
| 14 | 12845, 3.9 टन | भुवनेश्वर-बेंगलुरू कैंट | F-1 | 01.09.22, 1240 बजे |
| 15 | 20817, 3.9 टन | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | F-1 | 01.09.22, 1250 बजे |
| 16 | 17479, 4 टन | पुरी-तिरुपति | F-1 | 01.09.22, 1300 बजे |
| 17 | 17479, 4 टन | पुरी-तिरुपति | R-1 | 01.09.22, 1310 बजे |
| 18 | 20472, 3.9 टन | पुरी-तिरुपति | R-1 | 01.09.22, 1320 बजे |
| 19 | 22833, 3.9 टन | भुवनेश्वर-कृष्णाराजपुरम | F-1 | 01.09.22, 1330 बजे |
| 20 | 12994, 3.9 टन | पुरी-गांधीधाम | F-1 | 01.09.22, 1340 बजे |
| 21 | 22871, 3.9 टन | भुवनेश्वर-तिरुपति | F-1 | 01.09.22, 1350 बजे |
| 22 | 20819, 3.9 टन | पुरी-ओखा | R-1 | 01.09.22, 1400 बजे |
| 23 | 22836, 3.9 टन | पुरी-शालिमार | F-1 | 01.09.22, 1410 बजे |
| 24 | 17015, 4 टन | भुवनेश्वर-सिकंदराबाद | R-1 | 01.09.22, 1420 बजे |
| 25 | 22879, 3.9 टन | भुवनेश्वर-तिरुपति | F-1 | 01.09.22, 1430 बजे |
| 26 | 12888, 3.9 टन | पुरी-शालिमार | F-1 | 01.09.22, 1440 बजे |
| 27 | 20918, 3.9 टन | पुरी-इन्दौर | F-1 | 01.09.22, 1450 बजे |
| 28 | 20896, 3.9 टन | भुवनेश्वर-रामेश्वरम | R-1 | 01.09.22, 1500 बजे |
| 29 | 18447, 3.9 टन | भुवनेश्वर-जगदलपुर | F-1 | 01.09.22, 1510 बजे |
| 30 | 12822, 3.9 टन | पुरी-शालीमार | F-1 | 01.09.22, 1520 बजे |
| 31 | 22840, 3.9 टन | भुवनेश्वर-राउरकेला | F-1 | 01.09.22, 1530 बजे |
| 32 | 18417, 4 टन | पुरी-गुणुपुर | F-1 | 01.09.22, 1540 बजे |
| 33 | 18417, 4 टन | पुरी-गुणुपुर | R-1 | 01.09.22, 1550 बजे |
| 34 | 12880, 3.9 टन | भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | R-1 | 01.09.22, 1600 बजे |
| 35 | 22811, 3.9 टन | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | F-1 | 01.09.22, 1610 बजे |
| 36 | 22202, 3.9 टन | पुरी-सियालदह | F-1 | 01.09.22, 1620 बजे |
| 37 | 22805, 3.9 टन | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | F-1 | 02.09.22, 1030 बजे |
| 38 | 22823, 3.9 टन | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | F-1 | 02.09.22, 1040 बजे |
| 39 | 20837, 4 टन | भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड | F-1 | 02.09.22, 1050 बजे |
| 40 | 20837, 4 टन | भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड | R-1 | 02.09.22, 1100 बजे |
| 41 | 12819, 3.9 टन | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | F-1 | 02.09.22, 1110 बजे |
| 42 | 12815, 3.9 टन | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | F-1 | 02.09.22, 1120 बजे |
| 43 | 18452, 3.9 टन | पुरी-हटिया | R-1 | 02.09.22, 1130 बजे |
| 44 | 22819, 4 टन | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | F-1 | 02.09.22, 1140 बजे |
| 45 | 22819, 4 टन | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | R-1 | 02.09.22, 1150 बजे |
| 46 | 22819, 4 टन | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | F-2 | 02.09.22, 1200 बजे |
| 47 | 18126, 4 टन | पुरी-राउरकेला | R-1 | 02.09.22, 1210 बजे |
| 48 | 18126, 4 टन | पुरी-राउरकेला | F-1 | 02.09.22, 1220 बजे |
| 49 | 18410, 4 टन | पुरी-शालिमार | F-1 | 02.09.22, 1230 बजे |
| 50 | 18410, 4 टन | पुरी-शालिमार | R-1 | 02.09.22, 1240 बजे |
| 51 | 18463, 3.9 टन | भुवनेश्वर-बेंगलुरू | F-1 | 02.09.22, 1250 बजे |
| 52 | 12875, 3.9 टन | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | F-1 | 02.09.22, 1300 बजे |
| 53 | 18425, 3.9 टन | पुरी-दुर्ग | R-1 | 02.09.22, 1310 बजे |
| 54 | 12843, 3.9 टन | पुरी-अहमदाबाद | R-1 | 02.09.22, 1320 बजे |
| 55 | 12801, 3.9 टन | पुरी-नई दिल्ली | F-1 | 02.09.22, 1330 बजे |
| 56 | 20813, 4 टन | पुरी-जोधपुर | F-1 | 02.09.22, 1340 बजे |
| 57 | 20813, 4 टन | पुरी-जोधपुर | R-1 | 02.09.22, 1350 बजे |
| 58 | 12896, 3.9 टन | पुरी-शालिमार | F-1 | 02.09.22, 1400 बजे |
| 59 | 18477, 4 टन | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | F-1 | 02.09.22, 1410 बजे |
| 60 | 18477, 4 टन | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | R-1 | 02.09.22, 1420 बजे |
| 61 | 20823, 3.9 टन | पुरी-अजमेर | R-1 | 02.09.22, 1430 बजे |
| 62 | 11020, 3.9 टन | भुवनेश्वर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | F-1 | 02.09.22, 1440 बजे |
| 63 | 12838, 3.9 टन | पुरी-हावड़ा | F-1 | 02.09.22, 1450 बजे |
| 64 | 15643, 3.9 टन | पुरी-कामाख्या | F-1 | 03.09.22, 1030 बजे |

लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 01.09.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 1 से 36 हेतु), 02.09.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 37 से 63 हेतु) एवं 03.09.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 64 हेतु), न्यूनतम वृद्धि: 0.2% (क्रम सं. 1 से 64 हेतु), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (क्रम सं. 1 से 64 हेतु)।

निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विवरण वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

PR-407/N/22-23    वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / खोरधा रोड

# ब्राउन शुगर के साथ दो और युवक गिरफ्तार कर भेजे गये जेल



**गिरफ्तार यूवकों ने बताया कि गुमला में बहुत बड़ा है ब्राउन शुगर बेचने वालों का नेटवर्क**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** दो दिन पूर्व ही खरका के समीप से ब्राउन सूगर कारोबार का मामला सामने आया था। जिसमें दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद उन्हे जेल भेज दिया गया था। अब उस कड़ी में एक नया मोड़ आया है। हुआ कुछ यूं कि सोमवार को भी पुलिस ने होटल बिंदेश के समीप से दो युवक को गिरफ्तार इसी ब्राउन शुगर के मामले में गिरफतार कर लिया है। यह गिरफ्तारी होटल बिंदेश के समीप से पुलिस द्वारा की गई है। गिरफ्तार युवको में अंशुल राज उर्फ सुडन और राजेन्द्र कुमार साहु का नाम सामने आया है। इनके पास से पुलिस ने 1.81 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद किया है। जिसका अनुमानित लागत लगभग बीस हजार आकलन किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक छोटा इलेक्ट्रानिक तराजू और ब्राउन सुगर पीने के लिए दस के नोट का बनाया गया दो रोल भी जब्त किया है। एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की गई है। उनके निशानदेही पर अभी लगातार छापामारी होगी। गिरफ्तार अभियुक्त के अनुसार गुमला में काफी मात्रा में ब्राउन सुगर है। नशीले पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने और कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस सख्त है। छापामारी अभियान अभी जारी रहेगा। प्रेस कांफ्रेंस में एसडीपीओ के साथ एसआई विमल कुमार और मो.मोजम्मिल मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में कंप्यूटर लैब का किया गया उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने सरस्वती विद्या मंदिर में स्थापित नए कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिना कंप्यूटर के अब किसी भी कार्यालय अथवा निजी कार्य की परिकल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बच्चों को सीधे कंप्यूटर से जोड़ना समय की आवश्यकता है। बिना कंप्यूटर के ज्ञान के कारण आज भी कई मेधावी छात्र अच्छी नौकरियों में जाने से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कंप्यूटर प्रशिक्षकों से कहा कि बच्चों को कंप्यूटर के विभिन्न विभागों के बारे में पूर्ण ज्ञान दें। ताकि बच्चे हर क्षेत्र में कंप्यूटर का सहयोग लेकर अपना भविष्य उज्जवल कर सके।

# बाधिमा कॉलोनी में मकान ध्वस्त हुआ, मलबे में दबने से वृद्ध महिला की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बारिश के कारण पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बघिमा कॉलोनी एक गरीब का मकान पूरी तरह गिरकर ध्वस्त हो गया। वही मकान के अंदर मलबे में दबने के कारण 70 वर्षीय वृद्ध महिला मंजर देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लेकिन परिजनों के द्वारा आनन-फानन में महिला को सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने वृद्ध महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका की बेटी पूनम देवी ने बताया कि वह अपनी मां के साथ घर पर थी और कुछ काम करने घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान बारिश के कारण घर की दीवार गिरी थी और अचानक मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जिसके नीचे दबने के कारण मां की मौत हो गई। पीड़िता ने प्रशासन से मुआवजा और आर्थिक सहयोग की अपील की है।

# सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल घटनास्थल पर ही छोड़ कर भागे उसके दोस्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना के तर्री गुमला निवासी लगभग 22 वर्षीय युवक मनीष कुमार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार की शाम लगभग 5:00 बजे की है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ बाइक में सवार होकर बाईपास की ओर घूमने जा रहा था। इसी क्रम में बाईपास के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में गए उसके दोस्त घटनास्थल पर घायल युवक को छोड़कर भाग गए। जिसके बाद राहगीरों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में पीड़ित युवक का उपचार जारी है।

**बैठक :** गुमला में आयोजित होगी विद्या भारती झारखंड की 33वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता को ऐतिहासिक बनायें: अजय तिवारी

**प्रतियोगिता में झारखंड प्रांत के सभी जिलों से खेलकूद प्रतिभागी होंगे शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** विद्या भारती झारखंड का 33वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता इस वर्ष गुमला में अयोजित की जायेगी। किसकी तिथि 27 सितंबर से 30 सितंबर 2022 तक निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता को लेकर विद्या भारती झारखंड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी की अध्यक्षता में सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में एक बैठक अयोजित हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख अखिलेश कुमार भी उपस्थिति थे। बैठक में बताया गया कि इस अयोजन में झारखंड प्रांत के सभी जिलों से एक हजार खेलकूद प्रतिभागी के शामिल होने की संभावना है।



खेलकूद स्थानीय अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में अयोजित किए जायेंगे। विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से विविध व्यवस्थाओं पर नजर रखना अनिवार्य है। प्रांतीय खेल प्रमुख गौरी शंकर ने कहा कि खेल कूद को लेकर जो सत्कार गुमला में मिला वह अन्यत्र कहीं नहीं देखा गया। गौरी शंकर ने कहा कोरोना काल के बाद प्रांतीय खेलकूद के अयोजन की यह प्रथम योजना है। उन्होंने कहा 700 प्रतियोगी भैया बहन के साथ वाहन चालक, निर्णायक, आचार्य, आचार्य प्रांतीय अधिकारियों, सहित लगभग एक हजार की संख्या उपस्थित होगी। इस दृष्टिकोण से कार्यालय की व्यवस्था, निर्णायक, भोजन विभाग आयोजन समिति, उद्घाटन ज्योति यात्रा, विद्युत ध्वनि, जल विभाग, खेल भंडार विभाग, स्वच्छता विभाग तथा निर्णय के लिए वीडियोग्राफी, मंच सज्जा व व्यवस्था, चिकित्सा विभाग, भोजन निर्माण विभाग, स्वागत विभाग, आमंत्रण विभाग, खेल कार्यालय, स्थानीय स्तर पर न्याय समिति, उपहार मोमेंटो एवं मेडल की व्यवस्था पूर्ण कर लेने की बात कही। प्रांतीय सचिव अजय तिवारी ने इस खेलकूद प्रतियोगिता को ऐतिहासिक प्रतियोगिता के रूप में स्थापित करने की बात कही। इस संदर्भ में नगर के गणमान्य लोगों के साथ-साथ बुद्धिजीवी मंच तथा खेल जगत के प्रभावी व्यक्तित्व को आमंत्रित किया जायेगा। इस अवसर पर देवघर विभाग प्रमुख सुरेश मंडल, प्रांतीय घोष प्रमुख राजेश कुमार, प्रांतीय सह प्रमुख खेलकूद के संजय कुमार, लोहरदगा से जो धन सिंह तथा बाघमारा से सहायक प्रांतीय खेलकूद प्रमुख कुणाल कुमार, प्रधान आचार्य संजीव कुमार सिन्हा, समिति सचिव समिति सचिव अमृत कुमार मेटे तथा अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानों एवं होटलों में की छापामारी

**होटलों के पकवान में इंडस्ट्रीयल रंग का उपयोग करते पाये गये दुकानदारों को दी चेतावनी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** मंगलवार को बसिया एसडीओ संजय पीएम कुजूर के आदेश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार, जिला परामर्शी तम्बाकू निषेध इकाई गुमला के वंदना होरो एवं एसडीओ कार्यालय के विकास शर्मा द्वारा कोनबीर स्थित सात दुकानों एवं होटलों पर कोटपा एक्ट 2003 और सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत छापामारी की गयी। जिसमें होटलों के पकवान में इंडस्ट्रीयल रंग का उपयोग करते पाये गये। जिस पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला के द्वारा सभी होटल संचालकों को चेतावनी देते हुए अगली बार पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। वंदना होरो के द्वारा तम्बाकू पदार्थों के साथ अन्य खाद्य सामग्री नहीं बेचने की अपील की गयी। साथ ही लोगों को बताया गया कि जिंदगी चुनो तम्बाकू नहीं। इस छापामारी के बाद होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।



# महिला किसान सशक्तीकरण पर कार्यशाला का आयोजन

**जेएसएलपीएस की परियोजना ने महिलाओं के विकास में अहम भूमिका निभायी है : प्रमुख**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** औषधीय, संगधीय एवं गैर इमारती वन उत्पाद महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना अंतर्गत मंगलवार को जेएसएलपीएस के द्वारा प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख राज लक्ष्मी उरांव, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ धनंजय पाठक, संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, कृषि वैज्ञानिक निशा तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जहां मुख्य रूप से महिला किसान सशक्तिकरण से जुड़े संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अतिथि एवं जेएसएलपीएस के पदाधिकारियों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित प्रखंड के सभी सखी मंडल एवं महिला किसानों को धान, मडूवा, मक्का, बदाम, औषधीय वाटिका, लेमन ग्रास, कटहल एवं वनोउत्पाद हरा, बहेरा, करंज, कुसुम, महुआ आदि फसलों का संग्रह करते हुए प्रसंस्करण एवं बाजारीकरण को लेकर जानकारी दी गई। वहीं उपस्थित पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना एवं जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई।



मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा चलायी जा रही परियोजना ने सभी महिलाओं के विकास में अहम भूमिका निभायी है पहले महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थीं, पर आज देखा जाए तो सभी महिलाएं बाहर आकर अपना रोजमर्रा की कार्य को खुद से करती हैं। मैं स्वयं भी समुह से जुड़ी हूं। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सखी मंडल के सदस्य केसीसी एवं पीएम किसान के अंतर्गत अपना आधार सीडिंग कराते हुए कृषि के क्षेत्र में लाभ ले सकते हैं। साथ ही साथ सूखाग्रस्त फसल बीमा भी आप सभी करा सकते हैं। सीओ ने कहा कि प्रखंड में 740 महिला समूह हैं, जिसमें लगभग सभी समूह को 15 से 50 हजार की राशि दी गई है। आप सभी समूह के सदस्य कृषि से जुड़कर अपनी उपज को प्रोसेसिंग कर बाजार में अच्छे दामों पर बेच सकते हैं। जिससे आपकी आय भी दोगुनी होगी। मौके पर स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक बीपीएम रुपाली कुमारी समन्वयक मनोरंजन कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# लापता पुत्र को खोजने की पिता ने थाने में लगायी गुहार



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के लालपुर ग्राम निवासी राजमोहन यादव ने अपने पुत्र की गुमशुदगी की जानकारी घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर देते हुए खोजबीन की गुहार लगायी है। राजमोहन ने अपने आवेदन में कहा है कि उसका पुत्र कैलाश यादव उम्र 14 वर्ष बीते 18 अगस्त को घर से सुबह 4 बजे शौच करने की बात कह कर निकला था। जिसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटा। अपने रिश्तेदारों के घर पता किया गया, पर कैलाश का कोई पता नहीं चला। यहां बता दें कि कैलाश के लापता होने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। अंत में घाघरा थाना में लिखित आवेदन देते हुए अपने पुत्र के खोजबीन का गुहार लगाई है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी ने कहा आवेदन मिला है हर पहलू पर जांच की जा रही है।

# बच्चे ने खेलते खेलते खा ली सांप और चूहे को मारने वाली दवा, स्थिति गंभीर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर निवासी पाल उरांव का एक वर्षीय पुत्र सुशांत ने खेलते खेलते सांप और चूहे को मारने वाली दवा का सेवन कर लिया। दवा के सेवन के उपरांत बच्चे की स्थिति गंभीर हो गई है। इस स्थिति में वह अस्पताल में भर्ती है। सर्वप्रथम उसे नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। तत्पश्चात बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर मासूम बच्चा घर पर खेल रहा था। उसी जगह पर सांप और चूहे को मारने वाली कीटनाशक दवा फोरेट रखी हुई थी। गलती से मासूम बच्चा उसका सेवन कर लिया। देखते ही देखते उसकी तबीयत खराब होने लगी। इसके बाद 108 एंबुलेंस को सहयोग से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों ने कहा कि बच्चे की स्थिति में सुधार नहीं होता है तो बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रेफर किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने सोना सोबरन योजना के तहत कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी का किया वितरण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भदौली पंचायत के क्रांति स्वयं सहायता समूह पीडीएस दुकान पोटरो के 196 कार्डधारकों के बीच मंगलवार को मुखिया अलबना देवी, उप मुखिया राहुल सिंह, वार्ड सदस्य रीता देवी, कृष्णा कुमार साहू ने सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, धोती व लुंगी का वितरण किया। मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार लाल, पीला व हरा राशन कार्ड धारियों को पीडीएस दुकान से सस्ती दरों पर प्रति साड़ी, धोती व लुंगी दस रुपये उपलब्ध करा रही है। मौके पर क्रांति स्वयं सहायता समूह जन वितरण प्रणाली पोटरो के अध्यक्ष बेबी देवी, सचिव रानी देवी, लक्ष्मी देवी, सकल देवी, यशोदा देवी, लक्ष्मीन देवी, उर्मिला देवी, ललिता देवी के साथ अन्य कार्डधारी मौजूद थे।

# जारी के कई गांवों में बिजली ठप होने के कारण जलमीनार के सोलर प्लेट से मोबाइल चार्ज करने को विवश हैं ग्रामीण



**जारी (आजाद सिपाही)।** पिछले 15 दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण श्रीनगर, चटकपुर, कोड़ी, रेंगारी, करमटोली गांव के ग्रामीणों को मोबाइल चार्ज करने के लिए सोचना पड़ रहा है। लेकिन विभाग की नजरें इस और अभी तक नहीं पड़ी है। ग्रामीण किस तरह अपनी जरूरत के कार्यों को कर रहे हैं। उससे बिजली विभाग को कोई मतलब नहीं है। कोड़ी गांव के ग्रामीण जल मीनार के सोलर प्लेट से मोबाइल चार्ज करने के लिए विवश हैं। वहीं कोड़ी गांव के ग्रामीण गोपाल सिंह, बजरंग नायक, मूरिश मिंज, मधु मिंज सहित कई लोगों ने बताया कि हम लोगों को मोबाइल चार्ज करने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। जिसके कारण मोबाइल चार्ज हम लोग गांव में लगे जल मीनार की सोलर प्लेट से बारी-बारी से करते हैं। लेकिन रात्रि में स्कूली बच्चों को पढ़ाई करने में काफी समस्या होती है। जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था को दुरुस्त नहीं की गयी तो हम सभी ग्रामीण आंदोलन करेंगे। वहीं पावर हाउस से कर्मचारी अरविंद मिंज से दूरभाष पर बात करने पर बताया कि हम सभी रोजाना 11000 तार को चेक कर रहे हैं। लेकिन फॉल्ट कहीं मिल नहीं रहा है। फॉल्ट मिलते ही व्यवस्था को दुरुस्त कर दी जाएगी।

# अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी ने ई-केवाइसी को लेकर की बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में कृषि मित्र, मुखिया, स्वयंसेवी संस्था, प्रज्ञा केंद्र के संचालक सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान ई-केवाईसी को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सीओ ने कहा जिस किसान के खाते में पीएम किसान योजना के तहत पैसा आता है, वैसे किसान को 31 अगस्त तक ईकेवाईसी कराना अति आवश्यक है। प्रज्ञा केंद्र संचालकों को निर्देश दिया है कि कोई भी किसान का एकेवाईसी ना छूटे इसे ध्यान में रखते हुए ईकेवाईसी पर जोर दें। जनप्रतिनिधियों को भी निर्देश दिया गया है कि मतदाता सूची में आधार कार्ड नंबर को बीएलओ के माध्यम से जोड़ना है इस पर सभी जनप्रतिनिधि जोर दें। साथ ही सीओ ने कहा आपदा के तहत मौत होने पर मृतक का पोस्टमार्टम अवश्य कराएं ताकि मुआवजा की राशि है जल्द पीड़ित परिवार को दिया जा सके। बारिश में हुए नुकसान का अवलोकन क पीड़ित से हस्तलिखित आवेदन के साथ फोटो अटैच कर अंचल कार्यालय में जमा करने के लिए जागरूक करें ताकि मुआवजा की राशि दी जा सके। मौके पर मुख्य रूप से बीडियो विष्णु देव कच्छप, आदित्य भगत, झरी उरांव, अशोक उरांव, हरि उरांव, यशमुनि देवी, बीनू महतो, राजेश बड़ाईक, फुल मनी देवी, फिरंगी उरांव, लोदो एक्का व गीता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# शराब के नशे में पुल से गिरकर ग्रामीण की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के कोहीपाठ महुआ टोली में शराब के नशे में गिरने से अधेड़ की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोहीपाठ महुआटोली निवासी लगभग 60 वर्षीय चुरी उरांव बीते सोमवार की रात गांव के ही एक पुल में नशे की हालत में बैठा था, इसी दौरान अचानक की पुल से नीचे गिरा। पुल के नीचे हल्का पानी जमा था। गिरने के बाद कुछ देर तक वहीं पड़ा रहा जब तक कोई चुरी को देखता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पुत्र घासी उरांव ने बताया कि गांव में छठी थी, जहां खाने पीने के लिए आमंत्रित किया गया था। उसी छठी कार्यक्रम में शराब पीकर आया और पुल के ऊपर बैठा था। इसी दौरान अचानक पुल से नीचे गिरा जिससे उसकी मौत हो गई। थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बालिकाओं के नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। जिसका अंतिम तिथि 30 सितंबर तक निर्धारित की गई है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं का नामांकन के संबंध में बताया गया है कि छिजित बालिकाओं की सूची प्राप्त करते हुए नामांकन की कार्रवाई की जाएगी। छिजित बालिकाओं की सूची ग्राम शिक्षा पंजी, बाल पंजी, महिला समाख्या द्वारा अनुशंसित सूची, संबंधित प्रखण्ड में कार्यरत गैर- सरकारी संस्थान द्वारा अनुशंसित सूची, जिला से प्राप्त नक्सल प्रभावित बालिकाओं की अनुशंसित सूची, जिला से प्राप्त ट्रैफिकिंग बालिकाओं की अनुशंसित सूची से प्राप्त की जायेगी। इसके अलावा आदिम जनजाति समूह की बालिकाएँ, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों से प्राप्त सूची,विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा दी गई जानकारी के आधार अनामांकित, छीजित बालिका को प्राथमिकता दी जाएगी। बताया गया कि नामांकन प्रक्रिया में वैसी बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी जो वास्तविक रूप से जरूरतमंद है । कक्षा 6 से 8 में अतिरिक्त 50 बालिकाओं के नामांकन में आदिम जनजाति समूह की बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी । जिला चयन समिति यह सुनिश्चित करेंगी कि आदिम जनजाति समूह की छात्राओं का पूर्ण आच्छादन हो गया है एवं तत्पश्चात ट्रैफिकिंग से प्रभावित बालिकाएं नक्सल प्रभावित बालिकाएं एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाली बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी । इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए पलायन करने वाले व्यक्तियों या परिवार की सूची प्राप्त कर नामांकन हेतु योग्य अभ्यर्थियों को चिन्हित कर नियमानुसार उनका नामांकन विद्यालय में किया जाएगा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में प्रखंडवार नामांकन हेतु कक्षा 6 से 9 तथा 11 में नामांकन प्रक्रिया आरंभ है दिए गए सूची के आधार पर नामांकन प्रक्रिया की जाएगी।

**कार्यक्रम :** झारखंड नवनिर्माण दल के 'जागो अभियान' की बिशुनपुर से की गयी शुरुआत

# झारखंड बचाने के लिए राज्यवासियों को जगाना अभियान का उद्देश्य : विजय सिंह

**भ्रष्टाचार व जनसमस्याओं को लेकर शहीद भगत सिंह की जयंती पर 28 से 30 सितंबर तक जनसत्याग्रह कार्यक्रम में गुमला चलने की ग्रामीणों से की अपील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा स्व. वीर जतरा टाना भगत के गृह प्रखंड बिशुनपुर में राज्यव्यापी जागो अभियान के तहत जेएनडी के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने दौरा कर अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने अभियान के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड को बचाने के लिए राज्यवासियों को जगाना अभियान का मकसद है, तभी रत्नगर्भा झारखंड के लोग बदहाली से निकलकर भ्रष्टाचार से मुक्त होंगे और हक व रोजगार तथा न्याय मिलेगा। श्री सिंह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनसमस्याओं को लेकर शहीद भगत सिंह की जयंती पर 28 सितंबर से 30 सितंबर 2022 तक तीन दिवसीय जनसत्याग्रह कार्यक्रम में गुमला चलने की अपील की है।




इस मौके पर गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए 30 अगस्त 2022 को बिशुनपुर प्रखंड में बृहद पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान चलाने, जागो अभियान के संदेश को गांव-गांव तक ले जाने तथा बिशुनपुर की समस्याओं को भी जन सत्याग्रह कार्यक्रम में प्रमुखता से उठाने की बात दल के नेताओं ने कही है।

इस मौके पर वरिष्ठ किसान नेता आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, रामप्यार तुरी, नंदू उरांव, शिवप्रसाद नायक, शमीम अंसारी, जयसवाल भगत, जुल्फिकार अली, बंधन लोहरा, वीरेंद्र तूरी, तुरिया उरांव, रामलाल असुर, संतोषी देवी, अनीमा देवी, मनकुंवर उरांव, नीरू उरांव सहित काफी संख्या में दल के समर्थक मौजूद थे।

